Title: Request to direct the Cotton Corporation of India to purchase the cotton of farmers of Shriganganagar, Rajasthan.

श्री निहाल चन्द चौहान (श्रीगंगानगर) : मैं श्रीगंगानगर निर्वाचन क्षेत्र से चुनकर आया हूं, जहां ९५ प्रतिशत किसान खेती पर निर्भर हैं और मुख्य खेती कपास है, लेकिन भारतीय कपास निगम किसानों के उत्पादन की खरीद नहीं कर रहा है। जहां १९९० में किसानों को उनके उत्पादन का मूल्य २००० रुपए प्रति क्विंटल मिला, वहीं आज १९९९ में मूल्य १४०० रुपए रह गया है। डीजल के दाम बढ़ गए हैं, पैस्टीसाइडस के दाम बढ़ गए हैं। इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि वे भारतीय कापस निंगम को निर्देश दें कि वे कपास खरीदें।